BE SAFE CHICAGO

सुरक्षित रहें।
कार्यक्रम स्थल

CHICAGO

सुरक्षित रहें। कार्यक्रम स्थल
इस निर्देश-पुस्तिका में क्या है?

धीरे-धीरे फिर से शुरूआत करें (चरण IV)

शिकागो को सावधानी से पुनः खोलने के लिए निम्न आवश्यक है:

स्वस्थ संपर्क

सामाजिक दूरी

अन्य व्यक्तियों से शारीरिक दूरी की सीमाएँ

जनसमूह आकार

व्यक्तियों की भीड़ की सीमाएँ

सुरक्षात्मक गियर

व्यक्तियों द्वारा सुरक्षात्मक गियर का उपयोग

स्वच्छता संबंधी शर्तें

स्वच्छ क्रियाकलाप सुनिश्चित करना (जैसे, हाथ धोना)

सुरक्षित स्थान और स्थितियां

प्रवेश पहुँच

स्थान की पहुँच के लिए प्रवेश/निकास की शर्त

सफ़ाई मानक

स्थान कीटाणुरहित करने के लिए उठाए गए कदम

दृश्य मार्गदर्शन

स्थान पर स्वच्छता संसाधन और मार्गदर्शन पोस्ट करना

कार्यस्थल स्थितियां

पैदल आवागमन, वेंटिलेशन, आदि का मूल्यांकन।

संचालन सुलभता और निगरानी

लचीले मॉडल

बीमारी अवकाश, दूरस्थ कार्य (जब संभव हो) का लचीलापन

संचालनात्मक सुलभता

संचालनात्मक लचीलेपन का समर्थन (जैसे, कई शिफ़्ट)

यात्रा संबंधी दिशा-निर्देश

स्थानों के बीच लोगों के आवागमन पर प्रतिबंध

परीक्षण / ट्रैकिंग

जांच और निगरानी की सुलभता

- अनुशंसित मार्गदर्शन -

BE SAFE CHICAGO

सुरक्षित रहें। कार्यक्रम स्थल
व्याख्यात्मक उदाहरण

धीरे-धीरे फिर से शुरूआत करें (चरण IV)



क्या अलग हो सकता है?

1. बुफ़े या अन्य सेल्फ़ सर्विस वाले खाने के स्टेशनों पर PPE-पीपीई पहनकर ही **किसी कर्मचारी या विक्रेता द्वारा परोसा जाएगा**
2. सभी लोगों को हर समय **फ़ेस कवरिंग** पहननी होगी, सिवाय बैठकर खाना खाते समय
3. **स्टेज / प्रदर्शन स्थान को कार्यक्रम से अलग रखना होगा**, उनमें कम से कम 10 फुट की दूरी होनी चाहिए
4. मेहमानों की संख्या सीमित होगी, **प्रति टेबल 6 से अधिक लोग नहीं होंगे, जहां टेबल एक दूसरे से 6 फीट की दूरी पर होंगी**
5. कर्मचारियों और मेहमानों के लिए स्वच्छता संबंधित **दृश्य मार्गदर्शन पूरे स्थल पर लगाए जाएंगे**
6. **मेहमानों की कतार लगने वाले क्षेत्रों** में (उदा., बार और बुफ़े) को उचित दूरी बनाने संबंधी **मार्गदर्शन के साथ चिह्नित किया जाएगा**

- अनुशंसित मार्गदर्शन -

BE SAFE CHICAGO

व्यक्तियों और करीबी चोक बिंदुओं के बीच >6 फुट की दूरी सुनिश्चित करें

- टेबलों के बीच 6 फीट की दूरी रखें, टेबलें हटाएं और/या यदि वे हिलाई न जा सकती हों तो टेबलों के बीच भौतिक बैरियर (जैसे, प्लेक्सीग्लास) रखें।
- जहां 6 फुट की शारीरिक दूरी संभव न हो, वहां अभेद्य बैरियर का उपयोग करें (जैसे, कार्यक्रम में चेक-इन करने के काउंटर, रजिस्टर्स)
- ऐसे किसी भी क्षेत्र को उपयुक्त शारीरिक दूरी मार्गदर्शन के साथ स्पष्ट रूप से चिह्नित करें, जहां मेहमान या कर्मचारी पंक्ति में हों (जैसे, चेक-स्टैंड और टर्मिनल, बार और बुफ़े, शौचालय इत्यादि)।
- सुनिश्चित करें कि अभिनय करने वालों (जैसे कि, नर्तक, गायक, बैंड) के लिए बनाए गए स्टेज या अन्य निर्धारित क्षेत्र दर्शकों से कम से कम 10 फुट दूरी पर हों
- सुनिश्चित करें कि संगीत की आवाज़ कम हो ताकि कर्मचारी या विक्रेता और मेहमान बात करते समय (जैसे कि ऑर्डर लेते समय) शारीरिक दूरी को बनाए रखें

सुरक्षित रहें। कार्यक्रम स्थल
स्वस्थ संपर्क

धीरे-धीरे फिर से शुरूआत करें (चरण IV)

जनसमूह आकार

प्रति टेबल 6 लोग या 50 लोग प्रति कक्ष के अनुसार मेहमानों की संख्या को सीमित करें

- प्रति टेबल 6 लोगों के अनुसार मेहमानों की संख्या को सीमित करें
- प्रत्येक इनडोर स्थान / कमरे को इससे अधिक तक सीमित न करें
  - सामाजिक दूरी का पालन करते हुए 50 लोगों तक, या
  - 40% क्षमता तक सीमित करें (जो भी कम हो)
- अगर समूह अलग-अलग रूम में बैठक कर रहे हैं और संपर्क नहीं कर रहे हैं (जैसे कि, कन्वेन्शन सेंटर जहां कई स्थल स्थित हैं) तो उसी कार्यक्रम स्थल पर 50 लोगों वाले कई समूहों की अनुमति है
- अगर मेहमान खड़े और/या मोबाइल/सक्रिय है (सामाजिक दूरी का पालन करते हुए) तो आउटडोर गतिविधियों में 50 लोगों के इकट्ठा होने की सीमा रखें; अगर मेहमान बैठे हैं और स्थिर हैं (अर्थात टेबल पर बैठे हैं) तो आउटडोर गतिविधियों में अधिकतम 100 लोगों की अनुमति है
- आउटडोर डायनिंग / शराब के सेवन की अनुमति है[1] लेकिन सामाजिक दूरी की शर्त का पालन करना होगा
- नज़दीक रहने वाले स्थान जहां लोग पास-पास होते हैं (उदा, डांस फ़्लोर)
- प्रदर्शनकर्ताओं (उदा., नर्तक, गायक, बैंड) और मेहमान के संपर्क को, जहां संभव हो रोकें

- अनुशंसित मार्गदर्शन -

BE SAFE CHICAGO

1. डायनिंग/शराब का सेवन वाले ऐसे क्षेत्र को आउटडोर माना जाएगा जिसमें रूफ़टॉप, हट सकने वाली छतों वाले कमरे और ऐसा कमरे का भीतरी स्थान शामिल होगा, जहां खिड़कियों, दरवाजों, या पैनलों को खोलकर 50% या अधिक दीवार को हटाया जा सकता है, बशर्ते कि डाइनिंग टेबल ऐसी खुले स्थान से 8 फीट के भीतर हों।

सुरक्षित रहें। कार्यक्रम स्थल
स्वस्थ संपर्क

धीरे-धीरे फिर से शुरूआत करें (चरण IV)

सुरक्षात्मक गियर

सुनिश्चित करें कि कर्मचारियों या विक्रेताओं और मेहमानों द्वारा सुरक्षात्मक गियर पहने गए हैं

- किसी भी बाहरी और भीतरी आम स्थान में नाक और मुँह ढके रहने चाहिए (मेडिकल कंडीशन या विकलांग लोगों को छोड़कर, जिन्हें सुरक्षित रूप से मुँह ढकने में परेशानी होती है)
- फेस कवरिंग को तब हटाया जा सकता है जब मेहमान बैठे हो और कुछ खा/पी रहे हों
- स्थल पर मौजूद कर्मचारियों को उचित PPE प्रशिक्षण (कैसे पहनें, कैसे सही तरीके से उतारें आदि.) प्रदान करें
- सुनिश्चित करें कि तृतीय पक्ष के अनुबंधकर्ता, विक्रेता, या प्रदर्शनकर्ता कार्यक्रम स्थल (लाइव संगीत या प्रदर्शन को छोड़कर जिसमें प्रदर्शन स्थल मार्गदर्शन का पालन होता हो, और यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रदर्शनकर्ताओं और मेहमानों में कम से कम 10 फुट की दूरी हो) पर कार्य करते समय पूरी तरह से सही पीपीई पहने हों

स्वच्छता अपेक्षाएं

हाथों और ज़्यादा-स्पर्श किए जाने वाले स्थानों की नियमित स्वच्छता, उचित तकनीकों पर प्रशिक्षण सुनिश्चित करें

- सुनिश्चित करें कि मेहमानों, कर्मचारियों और विक्रेताओं के उपयोग हेतु हाथ स्वच्छ करने या हाथ धोने की सुविधाएं बिल्कुल सुगमता पूर्वक उपलब्ध हो
- सभी कर्मचारियों के लिए हाथ धोने की सुविधा प्रदान करें, जहां स्टेशन पर (लागू अनुसार) संकेतक लगाए गए हो
- किसी कर्मचारी या विक्रेता के शुरू में काम पर लौटने पर COVID-19 से संबंधित स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रशिक्षण पूर्ण करें, जैसे कि ServSafe, डिलीवरी और टेकआउट प्रशिक्षण, फूड हैंडलर प्रशिक्षण, मुफ़्त NRA रिओपनिंग प्रशिक्षण

कर्मचारी या विक्रेता जांच नीति और प्रोटोकॉल स्थापित करें

- घर छोड़ने से पहले, सभी व्यक्तियों को लक्षणों की स्वयं-पहचान करने और लक्षण होने पर घर पर रहने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए
- स्थान में प्रवेश करने से पहले, COVID-19 का कोई लक्षण नहीं है, यह सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारी स्वयं-जांच करें (जैसे, प्रश्नावली - परिशिष्ट देखें)
- कर्मचारियों या विक्रेता को रिपोर्ट करने या काम पर बने रहने की अनुमति नहीं देनी चाहिए, यदि वे लक्षण प्रदर्शित करते हैं या रिपोर्ट करते हैं कि वे बीमार महसूस कर रहे हैं

प्रतिष्ठानों तक मेहमानों/तृतीय पक्ष की पहुँच के लिए नीति स्थापित करें

- प्रवेश पर प्रतिज्ञा चिपकाकर लगाएं या यह सत्यापित करने के लिए स्क्रीनिंग करें (उदा, प्रश्नावली, मौखिक अनुबंध, गैर-मौखिक अनुबंध द्वारा) कि मेहमान, विक्रेता, या बाहरी आपूर्तिकर्ता/ ऐसे व्यक्ति जो मेहमान न हो वे वर्तमान में COVID-19 लक्षणों का प्रदर्शन नहीं करते हैं
- सुनिश्चित करें कि मेहमान, आपूर्तिकर्ता और बाहरी आगंतुक के प्रांगण में प्रवेश करते समय उनकी नाक और मुँह ढके रहने चाहिए (मेडिकल कंडीशन या विकलांग लोगों को छोड़कर, जिन्हें सुरक्षित रूप से मुँह ढकने में परेशानी होती है)
- ऐसे किसी भी व्यक्ति (मेहमान, स्टाफ़ या विक्रेता समेत) के प्रवेश को प्रतिबंधित करें जिनमें स्वतः पहचान योग्य लक्षण दिखाई देते हों
- यदि व्यावहारिक हो, तो मेहमानों को आगमन से पहले आगमन के अनुभव, सामाजिक दूरी के प्रोटोकॉल और PPE आवश्यकता की सूचना प्रदान करें
- अगर लागू हो, तो मेहमानों को ऐसे दरवाज़ों से आने की सुविधा दें जो अपने आप खुलते हों या फ़ायर कोड द्वारा अनुमत अनुसार मैन्युअल रूप से खुलते हो

सुरक्षित रहें। कार्यक्रम स्थल

सुरक्षित स्थान और कार्य स्थितियां

धीरे-धीरे फिर से शुरूआत करें (चरण IV)

सफ़ाई मानक

स्थान और अत्यधिक-स्पर्श की जाने वाली वस्तुओं के लिए दैनिक सफ़ाई मानक स्थापित करें

- प्रत्येक कार्यक्रम से पहले और पूरे कार्यक्रम के दौरान परिसर को, जहां उचित लगे, पूरी तरह से साफ और सैनिटाइज़ करें
- शौचालयों की नियमित रूप से निगरानी करें, साफ़ करें और सैनिटाइज़ करें
- रोगाणुनाशक के सुरक्षित और सही प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए सफ़ाई पद्धतियों पर प्रशिक्षण प्रदान करें

ज़्यादा स्पर्श किए जाने वाले समतलों/ उपयोग किए जाने वाली वस्तुओं को अक्सर सैनिटाइज़ किए जाने की शर्त को लागू करें

- सुनिश्चित करें कि विक्रेता / प्रदर्शनकर्ता सभी उपकरणों (उदा., माइक, उपकरण, फ़ोटोबूथ) को प्रत्येक उपयोग से पहले और बाद में सैनिटाइज़ करें
- जहां संभव को निपटान-योग्य वस्तुएं और उपकरण प्रदान करें (उदा., मेनू, पात्र, कॉन्डिमेंट, लिनन)
- जो वस्तुएं निपटान-योग्य नहीं हैं (जैसे कि पात्र, पिचर, टेबल, कुर्सी, लिनन) उन्हें प्रत्येक उपयोग के बाद साफ़ व सैनिटाइज़ करें; ध्यान दें कि वस्तुएं अगले उपयोगकर्ता के लिए सैनिटाइज़ की गई हों
- व्यवहारिक हो, तो निर्धारित मेनू बोर्ड या डिजिटल मेनू का उपयोग करें

दृश्य मार्गदर्शन

स्वच्छता मानकों और प्रवेश आवश्यकताओं पर विजुअल मार्गदर्शन प्रदान करें

- संपूर्ण स्थान पर कर्मचारियों, विक्रेताओं, और मेहमानों के लिए स्वच्छता मानकों पर आधारित दृश्य मार्गदर्शन का प्रबंध करें (उदा., फर्श पर चिह्न के साथ लागू की गई शारीरिक दूरी)
- मेहमानों को स्थल के बाहर प्रवेश करने के लिए गैर-मौखिक अनुबंध, दिशानिर्देश और/या मापदंड पोस्ट करें

सुरक्षित रहें। कार्यक्रम स्थल
सुरक्षित स्थान और कार्य स्थितियां

धीरे-धीरे फिर से शुरूआत करें (चरण IV)

संपर्क को कम करने के लिए कार्यस्थल संबंधी शर्तों को संशोधित करें

- **खाते या पीते समय** सभी मेहमान **बैठे होने चाहिए**
- अगर मेहमानों को बीच 6 फुट की दूरी रखी जा सकती है तो काउंटर / बार के जैसे बैठने की व्यवस्था की अनुमति है (मेहमानों और बारटेंडर्स के बीच प्लेक्सीग्लास का उपयोग करने पर विचार करें)
- आउटडोर कार्यक्रम के लिए, इकट्ठा करने संबंधी आकार प्रतिबंधों ("लोगों को इकट्ठा करने संबंधी सीमा" अनुभाग देखें- अगर मेहमान खड़े और/या मोबाइल हैं तो अधिकतम 50 लोग, या अगर मेहमान टेबलों पर बैठे हैं तो अधिकतम 100 लोग) के अनुसार मेहमान बैठ या खड़े हो सकते हैं
- अगर काउंटर/बार से ऑर्डर कर रहे हैं तो एक संगठित कतार होना आवश्यक है, लेकिन प्रतीक्षा सेवा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए
- अगर व्यवहारिक हो तो, सामाजिक दूरी को बढ़ावा देने के लिए स्थल पर कुछ संशोधन करने पर विचार करें (उदा., फ़र्नीचर हटाना, फर्श पर चिह्न, और/या कार्य स्टेशनों का स्थान परिवर्तन करना ताकि कर्मचारी एक दूसरे के आमने सामने न आ पाएं)
- कैफ़ेटेरिया, बुफ़े, या अन्य सेल्फ-सर्व फूड स्टेशन को फिर से खोलने की अनुमति तभी दें जब कोई कर्मचारी या विक्रेता सही PPE पहनकर खाना परोसे
- अगर व्यवहारिक हो, तो मेहमानों द्वारा बिवरेज स्टेशन के उपयोग को सीमित करें
- अगर व्यवहारिक हो, तो पैदल चलने वालों के लिए दिशात्मक बरामदा, दरवाज़े, या रास्ता स्थापित करें
- अगर व्यवहारिक हो, कर्मचारियों और मेहमानों/ तृतीय पक्षों के लिए अलग-अलग शौचालय प्रदान करें
- FDA रिओपनिंग चेकलिस्ट में दिए गए मानकों को पूरा करें

वेंटीलेशन और हवा के बहाव को अनुकूल करें

- हवा की आवाजाही के लिए FDA संबंधी शर्तों का अनुपालन करें: वेंटीलेशन सिस्टम, जिसमें एयर डक्ट और वेंट शामिल है वे साफ, मोल्ड मुक्त और सही तरीके से संचालन करने वाले होने चाहिए
- यदि व्यावहारिक हो तो CDC दिशानिर्देशों और भोजन तैयार करने के मानकों के अनुसार इनडोर स्थानों में वायु प्रवाह बढ़ाएं

सुरक्षित रहें। कार्यक्रम स्थल
संचालन और निगरानी

धीरे-धीरे फिर से शुरूआत करें (चरण IV)

लचीले मॉडल

जहां संभव हो वहां व्यक्तिगत कार्य को सीमित करें

- आपसी संपर्क कम करें (उदाहरण के लिए, ऑनलाइन प्रशिक्षण / वर्चुअल कर्मचारी बैठकों का उपयोग करने पर विचार करें)
- सुनिश्चित करें कि जो कर्मचारी घर से काम कर सकते हैं ऐसा करना जारी रखें
- अगर व्यवहारिक हो, कर्मचारी या विक्रेता की एक-साथ शिफ़्ट कम से कम रखें

संचालन सुलभता

संपर्क कम करने वाले व्यवहार को प्रोत्साहित करें

- अगर व्यवहारिक हो तो, कैश-रोकड़ रहित/संपर्क रहित ऑर्डर करने और भुगतान (उदा., "कैश" बार्स) को प्रोत्साहित करें
- सामाजिक दूरी की पालन करते हुए टेबल सेट-अप के लिए अनुमति हेतु RSVP को प्रोत्साहित करें, उपस्थित रहने वालों के लिए बैठने का स्थान पहले से बताएं, और प्रवेश करने की शर्तों सहित आने से पहले के दिशानिर्देश बताएं (जहां लागू हो सके और संचालन हो सके)

सुरक्षित रहें। कार्यक्रम स्थल
संचालन और निगरानी

धीरे-धीरे फिर से शुरूआत करें (चरण IV)

व्यापार के लिए यात्रा सीमित करें

- अगर व्यवहारिक हो, उद्योग सुरक्षा सावधानियों के साथ व्यापार यात्रा सीमित करें
- अगर व्यवहारिक हो, तो बहु-स्थलों पर कर्मचारियों की यात्रा सीमित करें

जांच और अनुरेखण प्रोटोकॉल के लिए CDPH और CDC मार्गदर्शन का पालन करें

- यदि कर्मचारी को COVID-19 हो जाता है, तो उसे काम पर लौटने से पहले सभी CDC दिशानिर्देशों का पालन करना होगा
- यदि किसी कर्मचारी को जांच द्वारा COVID-19 पॉजिटिव के रूप में पहचाना जाता है, तो CDC दिशानिर्देशों के अनुसार सफाई और कीटाणुनाशक का प्रयोग किया जाना चाहिए
- कोई भी कर्मचारी जो सहकर्मी या किसी अन्य व्यक्ति के साथ उस व्यक्ति के निकट संपर्क में हो, जिसमें COVID-19 का पता चला है, तो उसे CDC दिशानिर्देश के अनुसार स्वयं क्वारंटाइन-एकांतवास करना चाहिए
- यदि कोई इकाई संभवतः किसी 14 दिन की अवधि में उस स्थान के 2 या अधिक मामलों के बारे में जानती है, जो उनसे जुड़े हैं, तो नियोक्ताओं को आवश्यक रूप से CDPH को मामलों की रिपोर्ट करनी चाहिए
- कार्यस्थल पर प्रकोप के जवाब में CDPH की सिफारिशों का पालन करते हुए निर्धारित अन्य सभी CDPH मार्गदर्शन का पालन करें
- कार्यक्रम के मेजबान को कार्यक्रम होने के कम से कम 60 दिनों तक प्रत्येक मेहमान के नाम और उसकी संपर्क जानकारी का लेखा रखना चाहिए

शब्दावली

जनसमूह: किसी एक घर के बाहर व्यक्तियों का एक समूह जो एक सहज या योजित घटना का हिस्सा है और एक दूसरे से 10 मिनट से अधिक समय तक बातचीत कर रहे हैं

हाथ धोना: कम से कम 20 सेकंड के लिए साबुन और पानी से हाथों को अच्छे से धोना या एक कीटाणुनाशक का उपयोग करना COVID-19 का कारण बनने वाले वायरस को खत्म करने में सक्षम है

सामाजिक दूरी: व्यक्तियों, या व्यक्तियों के समूहों के बीच कम से कम छह फीट की भौतिक दूरी।

PPE: व्यक्तिगत सुरक्षात्मक उपकरण (पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्युप्मेंट) (जैसे, चेहरे के कवर, चश्मे, चेहरे की ढाल); उद्योग और विशिष्ट परिस्थितियों के आधार पर आवश्यकताएँ भिन्न होती हैं

स्वयं-जांच के लिए नमूना प्रश्नावली

स्वयं-जांच: एक प्रोटोकॉल जिसके द्वारा एक कर्मचारी एक पारी की शुरुआत में सवालों के जवाब देता है। स्वास्थ्य आयुक्त के मार्गदर्शन के अधीन, प्रश्नों में ये शामिल हो सकते हैं:

- क्या आपके शरीर का तापमान 100 डिग्री फ़ारेनहाइट से अधिक है या आपने पिछले 24 घंटों में 100 डिग्री फ़ारेनहाइट से अधिक के शरीर के तापमान का इलाज करने के लिए बुखार निवारण का उपयोग किया है?
- क्या आपको कोई नई खांसी हुई है जिसे आप किसी अन्य स्वास्थ्य स्थिति से नहीं जोड़ सकते?
- क्या आपके गले में कोई नई खराबी हुई है या गला खराब है, जिसे आप किसी अन्य स्वास्थ्य स्थिति से नहीं जोड़ सकते?
- क्या आपको साँस की कोई नई तकलीफ हो रही है जिसे आप किसी अन्य स्वास्थ्य स्थिति से नहीं जोड़ सकते?
- क्या आप हाल ही में गंध या स्वाद समझने में पूरी तरह से मुश्किल अनुभव कर रहे हैं?

अधिक मार्गदर्शन के लिए राष्ट्रीय संसाधन

कार्यस्थल हेतु सामान्य मार्गदर्शन

CDC – *COVID-19 प्रतिक्रिया और अमेरिका को फिर से खोलने के लिए राष्ट्रपति की योजना का समर्थन करती गतिविधियां और पहल:* https://www.cdc.gov/coronavirus/2019-ncov/downloads/php/CDC-Activities-Initiatives-for-COVID-19-Response.pdf

CDC – *व्यापारों और कार्यस्थलों के लिए मार्गदर्शन* https://www.cdc.gov/coronavirus/2019-ncov/community/organizations/businesses-employers.html

OSHA *COVID-19 के लिए कार्यस्थलों को तैयार करने पर मार्गदर्शन:* https://www.osha.gov/Publications/OSHA3990.pdf

कार्यक्रम स्थान हेतु मार्गदर्शन

CDC– *कार्यक्रम और जनसमूह संबधी विचार:* https://www.cdc.gov/coronavirus/2019-ncov/community/large-events/considerations-for-events-gatherings.html

OSHA – *स्थल और टेकआउट या कर्बसाइट पिकअप ऑफ़र करने वाले पेय पदार्थों के विक्रेताओं के लिए दिशानिर्देश:* https://www.osha.gov/Publications/OSHA4017.pdf

FDA – *खाद्य सुरक्षा और कोरोना वायरस:* https://www.fda.gov/food/food-safety-during-emergencies/food-safety-and-coronavirus-disease-2019-covid-19

अस्वीकरण

इस दस्तावेज़ में दिए गए सभी लिंक केवल सुविधा और सूचना के उद्देश्यों के लिए हैं; वे निगम या संगठन या व्यक्ति के किसी भी उत्पाद, सेवाओं या राय के लिए सिटी ऑफ़ शिकागो द्वारा मान्यता या अनुमोदन का गठन नहीं करते हैं। सिटी ऑफ़ शिकागो उस बाहरी साइट या उसके बाद के लिंक की सटीकता, वैधता या सामग्री के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। उसकी सामग्री के बारे में सवालों के जवाब के लिए बाहरी साइट से संपर्क करें।